नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

वर्धा, दि. 29 अक्टूबर 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 29 अक्टूबर से 03 नवंबर



तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसका विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ' है। कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की अध्यक्षता में विवि के प्रशासनिक भवन में प्रतिज्ञा लेकर की गयी। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. मनोज कुमार ने सभी को सतर्कता की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह सहित अध्यापक, अधिकारी, कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इसके पश्चात निवारक सतर्कता उपाय पर कार्यशाला आयोजित की गई है। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को शिकायत निवारण शिविर का तथा 31 अक्टूबर को गांधी हिल्स से रैली निकाली जायेगी। 1 नवंबर को वाद-विवाद, निबंध लेखन तथा स्लोगन सृजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। 03 नवंबर को सतर्कता जागरूकता पर संगोष्ठी कस्तूरबा सभागार में आयोजित की जाएगी।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयात सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

वर्धा, दि. 29 ऑक्टोबर 2018 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 29 ऑक्टोबर ते 03 नोव्हेंबर दरम्यान सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित करण्यात येत आहे. यानिमित्त 'भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ' या विषयावर विविध उपक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. कार्यक्रमाचा प्रारंभ सोमवारी प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली प्रशासकीय भवनात प्रतिज्ञा घेवून करण्यात आला. कार्यक्रमाचे संयोजक प्रो. मनोज कुमार यांनी उपस्थितांना सतर्कतेची प्रतिज्ञा दिली. यावेळी कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह यांच्यासह अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित होते. 30 रोजी तक्रार निवारण शिबीर तथा 31 रोजी रॅलीचे आयोजन करण्यात आले असून 1 नोव्हेंबर रोजी वाद-विवाद, निबंध लेखन तथा स्लोगन लेखन स्पर्धा घेण्यात येईल. 3 नोव्हेंबरला सतर्कता जागरूकतेवर चर्चासत्र घेण्यात येईल.

---

*मा. संपादक/संवाददाता*
*महोदय, कृपया संलग्न समाचार प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।*
*धन्यवाद।*